# आडम्बर से नहीं, विश्वास से आता है निवेश : पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ



## चार दिवसीय दौरे पर पहुंचे छिन्दवाड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा पहुंचे। विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होने के उपरांत स्थानीय कांग्रेस जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने नेताद्वय का गर्मजोशी से स्वागत किया। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनकी आगवानी की।

ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर उपस्थित मीडियाकर्मियों से चर्चा में कमलनाथ ने हाल ही में भोपाल में सम्पन्न हुए इन्वेस्टर समिट पर निशाना साधा। उन्होंने कहा आडम्बर से नहीं बल्कि निवेश विश्वास से आता है। इन कार्यक्रमों में बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं किन्तु नतीजा सिफर ही निकलता है। भाजपा की सरकार में जितने भी इन्वेस्टर समिट हुई है उनका नतीजा सभी के सामने हैं। निवेश केवल विश्वास से होता है, विश्वास होगा तो निवेश होगा। विश्वास ही नहीं होगा तो निवेश भी नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि समिट हुआ है, लेकिन इसका कोई नतीजा निकलेगा ऐसी गारंटी नहीं है।

पूर्व सी.एम. श्री नाथ ने आगे कहा कि सरकार को विश्वास पैदा करना होता है, निवेश की ऐसी नीतियां लानी होती जिसका लाभ सभी को मिले, केवल आयोजनों को भव्य रूप देने और कागजों में करोड़ों रुपयों के निवेश का दावा करना जनता को झूठे सपने दिखाना है जो भाजपा की सरकार लगातार कर रही है। उद्योगपति सरकार पर विश्वास होने के बाद निवेश करते हैं, लेकिन निवेश करने के लिए पहले विश्वास बनाना नितांत आवश्यक है। विश्वास ही नहीं है तो इन्वेस्टर समिट का नतीजा साकारात्मक कैसे निकलेगा।

युवक कांग्रेस ने किया भव्य स्वागत

ईमलीखेड़ा चौक पर युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोलू पटेल के नेतृत्व में युवक कांग्रेस की टीम ने कमलनाथ व नकुलनाथ का गाजे-बाजे व आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। युवाओं ने कमलनाथ-नकुलनाथ जिंदाबाद के गगन भेदी नारे लगाते हुए पुष्प गुच्छ व पुष्पहार भेंट कर नेताद्वय का भव्य स्वागत किया।

# मारपीट के दोषी को चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मंगलवार 25 फरवरी 2025 को सत्र न्यायाधीश छिंदवाड़ा सुशांत हुद्दार द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 80/2024 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी करण उर्फ धमना परतेती पिता सिरजलाल निवासी चूनाभट्टा, कैलाश नगर थाना कुंडीपुरा जिला छिंदवाड़ा को चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया है।

घटना इस प्रकार है कि प्रार्थी मनीष पिता हरि प्रसाद उईके उम्र 21 साल निवासी चुनाभट्टा कैलाश नगर, थाना कुंडीपुरा द्वारा चौकी धरमटेकड़ी में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लिखवाई थी की घटना 23 अप्रैल 2024 को दिन के करीब 11:30 बजे जब मनीष, सतीश परतेती के घर के पास खड़ा था तभी वहां पर करण उर्फ धमना आया और प्रार्थी से बोला कि तू उधारी के रुपए कब वापस देगा प्रार्थी द्वारा यह कहे जाने पर की उसके पास अभी पैसे नहीं है, मैं बाद में दे दूंगा। इस बात पर से अभियुक्त करण उर्फ धमना ने मनीष को मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगा गाली देने से मना करने पर करन ने वहीं पड़ी कांच की बोतल उठाया और उसे तोड़कर प्रार्थी मनीष के बाएं तरफ गर्दन और दाहिने हाथ की भुजा में मार दिया जिससे मनीष को चोट लगकर खून निकलने लगा उसके द्वारा चिल्लाये जाने पर पड़ोस के विजय राजपूत और अजीत दौड़ आए और बीच बचाव किया तो करण उर्फ धमना द्वारा घटना कारित कर प्रार्थी मनीष को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। थाना कुंडीपुरा पुलिस द्वारा अभियुक्त करण उर्फ धमना के विरुद्ध अपराध क्रमांक 333/2024 धारा 326, 324, 294, 506, 323 भा.दं.वि. का पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गई थी। पुलिस द्वारा साक्षियों के कथन लेखबद्ध कर विवेचना उपरांत प्रकरण से संबंधित चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में आरोपी के विरुद्ध विचारण प्रारंभ किया गया तथा साक्षियों के न्यायालय में कथन लेखबद्ध किए गए। विचारण पश्चात साक्षियों के कथनों एवम अन्य साक्ष्य के आधार पर सत्र न्यायाधीश छिन्दवाड़ा सुशांत हुद्दार द्वारा आरोपी करन उर्फ धमना को धारा 326 भारतीय दण्ड संहिता के अपराध का दोषी पाते हुए आरोपी को 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000/-रुपए तथा धारा 294 भादवि में एक माह कारावास व 200 रुपए के अर्थदंड से दंडित किये जाने के आदेश पारित किए गए। मध्य प्रदेश शासन की ओर से लोक अभियोजक अजय पालीवाल द्वारा पैरवी की गई।

## सार-समाचार

### श्रद्धा पटेल को भौतिक शास्त्र में मिली पीएचडी की उपाधि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा के भौतिक शास्त्र विभाग में अतिथि



विद्वान के रूप में पदस्थ श्रीमती श्रद्धा पटेल ने पी.एच.डी. की उपाधि भौतिक शास्त्र विषय में प्राप्त की। उन्होंने अपना शोध कार्य रविंद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल से अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत शीर्षक टू स्टडी द इंपैक्ट ऑन अर्थ एटमॉस्फेरिक वेदर ड्यूरिंग द सोलर साइकिल 24 पर पूर्ण किया। इसका श्रेय अपने माता-पिता, पति बृजेंद्र पटेल सहित समस्त परिवार तथा अपनी कड़ी मेहनत को देती है। इस अवसर पर समस्त इष्ट मित्रों एवं परिवार जनों ने उन्हें बधाई दी।

### इंडिगो एयरलाइंस के साक्षात्कार राजीव भवन में आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ को जिले के युवाओं के भविष्य की चिंता है। इसी दिशा में उन्हीं के प्रयासों से जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए देश की प्रमुख एयरलाइन्स कंपनी इंडिगो के साक्षात्कार स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में आयोजित किये गए। उक्त उदगार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने उपस्थित युवाओं के समक्ष व्यक्त किए।

छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले से 350 से अधिक युवा साक्षात्कार में शामिल हुए। आयोजित साक्षात्कार में कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा कस्टमर सर्विस ऑफिसर, रैंप ऑफिसर, सिक्योरिटी सर्विसेज आदि पदों के लिए साक्षात्कार लिए गए। साक्षात्कार के उपरांत द्वितीय चरण हेतु 45 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। 28 फरवरी को चयनित अभ्यर्थियों का प्रात: 9 बजे से द्वितीय चरण के साक्षात्कार आयोजित होंगे।

### कक्षा दसवीं के हिन्दी विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा में किसी भी केन्द्र पर नकल प्रकरण पंजीबद्ध नहीं



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2024-2025 के अंतर्गत 25 फरवरी 2025 से हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा आज 27 फरवरी से छिन्दवाड़ा जिले में स्थापित 133 एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 29 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है। जिसकी सतत् मॉनीटरिंग कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है। गुरूवार को कक्षा 10वीं के हिन्दी विषय के प्रश्नपत्र की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 10वीं में 27438 दर्ज विद्यार्थियों में से 26646 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 792 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 15 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुये जिसमें से 10 विद्यार्थियों के लिये राईटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल प्रकरण पंजीबध्द नहीं हुआ।

### अस्पताल गेट के सामने नहीं सुधर रही व्यवस्था

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अस्पताल का गेट नम्बर 3 के सामने आए दिन अव्यवस्था देखी जा सकती है इस गेट पर जहां अधिक भीड़भाड़ होती है और मरीजों एवं परिजनों द्वारा इस गेट का उपयोग किया जाता है जिससे यहां से आवाजाही की भीड़भाड़ पूरे समय रहती है। किन्तु गेट के सामने वाहन खड़े रहने से असुविधा का सामना करना पड़ता है, विदित हो कि इसी गेट से एम्बुलेंस का आना अधिकतर इसी गेट से होता है जहां असुविधा होती है।

# सांसद निधि से होंगे 53.50 लाख के विकास कार्य

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने अपनी सांसद निधि से पाण्ढुर्णा में 53.50 लाख के कई विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। सांसद निधि स्वीकृत होने से लंबे समय से लोगों द्वारा की जा रही विकास कार्यों की मांग पूरी हो सकेगी। सांसद श्री साहू ने नगर पालिका परिषद पांढुर्ना को 33.50 लाख, ग्राम तिगांव में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख, पांढुर्णा के वार्ड नं. 06 टेकरी वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी है।



उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे की मांग पर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ और मंडल अध्यक्ष नरेश कलम्भे की अनुशंसा पर सांसद बंटी विवेक साहू ने नगर पालिका पाण्ढुर्णा के विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्यों के लिए 33.50 लाख की स्वीकृति प्रदान की है।

इसके तहत शिवाजी वार्ड में सड़क का रिकोटिंग कार्य के लिए 1.50 लाख, राधाकृष्ण वार्ड में सीमेंट सड़क के रिकोटिंग कार्य के लिए 1.50 लाख, टेकडी वार्ड में जगनाडे पार्क से डाबरे के घर तक सीमेंट सड़क निर्माण के लिए 6 लाख, गुरूदेव वार्ड में सीमेंट सड़क के रिकोटिंग कार्य के लिए 1.50 लाख, तिलक वार्ड में अंबाड़ा रोड से जसुतकर के घर तक सीमेंट सड़क निर्माण के लिए 3 लाख, शिवाजी वार्ड में सड़क के रिकोटिंग कार्य के लिए 1.50 लाख, मेघनाथ वार्ड गणेश सांबारे के घर से ज्ञानेश्वर मानकर के घर तक सीमेंट सड़क निर्माण के लिए 3 लाख, भवानी वार्ड में सड़क के रिकोटिंग कार्य के लिए 2 लाख, महावीर वार्ड में आंगनवाडी से विश्वकर्मा के घर तक सीमेंट सड़क निर्माण के लिए 2 लाख एवं जलाराम वार्ड में सीमेंट सड़क निर्माण के लिए 2 लाख, रानी दुर्गावती वार्ड में एतश कॉलेज से मेन रोड तक सीमेंट सड़क निर्माण के लिए 5 लाख, जवाहर वार्ड में मनोज मोटघरे के घर से दिनेश मर्सकोले के घर तक सीमेंट सड़क निर्माण के लिए 4 लाख और गुरूनानक वार्ड में छोटू घाटोड़े के घर से श्रीराम धर्माधिकारी के घर तक सीमेंट सड़क निर्माण के लिए 4 लाख स्वीकृत किये है।

इसी तरह ग्राम तिगांव में वहां के निवासियों द्वारा लम्बे समय से की जा रही मांग और ग्राम पंचायत तिगांव की सरपंच उषा सुरेश कुमरे व उपसरपंच शामराव कवडेती एवं मंडल अध्यक्ष बाल्या उर्फ अनिल ठाकरे की अनुशंसा पर सांसद बंटी विवेक साहू ने अपनी सांसद निधि से 10 लाख की स्वीकृति सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्वीकृत किये है।

# चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन की अंतिम तिथि दस व गेहूँ की 31 मार्च

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों फसल के उपार्जन के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 है। उपार्जन कार्य 25 मार्च से 31 मई 2025 तक किया जायेगा। शासन द्वारा निर्धारित उपार्जन नीति के अनुसार चना 5650 रूपये प्रति क्विंटल, मसूर 6700 रूपये प्रति क्विंटल एवं सरसो 5950 रूपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जायेगा।

उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक जिले में गेहूं के लिये 1782, चना के लिये 14, मसूर के लिये 9 और सरसों फसल के लिये 33 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में चना, मसूर एवं सरसो उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 10 मार्च 2025 तक गेहूँ के लिये निर्धारित सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं पर किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त कृषक एम.पी. ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोकसेवा केन्द्र, सायबर कैफे एवं स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से निर्धारित लिंक पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 है।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह व उप संचालक कृषि श्री सिंह ने जिले के किसानों से अपील की है कि निर्धारित समय अवधि में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपज का पंजीयन कराकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

# माध्यमिक शाला शिक्षक को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** विकासखंड जुन्नारदेव एवं ग्राम पंचायत पाला चौरई के अंतर्गत आने वाली एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला कर्मवीर कॉलोनी गुढ़ी मे वर्तमान में उच्च श्रेणी शिक्षक के पद पर कार्यरत एवं पूर्व में जुन्नारदेव बी.ए.सी. रहे व पालाचौरई जन शिक्षक रहे अवधेश विश्वकर्मा आज 38 वर्ष की नौकरी करने के पश्चात सेवानिवृत हुए जिनका स्कूल में विदाई समारोह आयोजित किया गया इस दौरान पुष्पहार पहनाकर शिक्षकों के द्वारा एवं पुष्पगुच्छ देकर शिक्षिकाओं के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस मौके पर रिटायर्ड शिक्षक अवधेश विश्वकर्मा ने उद्बोधन देते हुए शिक्षक की नौकरी के दौरान स्कूल में बीताए हुए अपने पल साझा किए एवं अपने अनुभव को भी व्यक्त किया और सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इसके अलावा उपस्थित शिक्षकों ने भी अपने-अपने उद्बोधन दिए। एवं स्कूल के स्टाफ के द्वारा संयुक्त रूप से शाल श्रीफल वह उपहार देकर स्वागत किया गया इसके अलावा सभी के लिए भोजन व्यवस्था की गई।



# पुलिस मेले को लेकर स्कूल संचालकों की बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 27 फरवरी 2025 को छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के समस्त अशासकीय सी.बी.एस.ई., आई.सी.एस.सी. एवं एम.पी. बोर्ड से संबद्ध हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालकों एवं प्राचार्यों की बैठक ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल छिन्दवाड़ा में जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल छिन्दवाड़ा, पी.एल. मैश्राम सहायक संचालक शिक्षा, अविनाश दिक्षित सहायक सचालक अमरवाड़ा असरफ अली विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी छिन्दवाड़ा एवं मान्यता प्रभारी दिनेश वर्मा की उपस्थिति में संपन्न की गई।

उक्त बैठक में अशासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अध्यापन हेतु चयनित पाठ्य पुस्तको का सुगंमता से छात्र एवं पालकों को उपलब्ध हो जाये इस हेतु पुस्तक मेले से संबधित चर्चा की गई जिसमें समस्त विद्यालयों में अध्यापन कराये जाने वाली पाठ्य-पुस्तको का नाम एवं पुस्तक प्रकाशको का नाम प्राप्त किये गये एवं जिन संस्थाओं ने उपलब्ध नहीं कराया गया है उन्हें 3 दिन के अन्दर प्रकाशकों की सूची जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराने निर्देशित किया गया।

जिला स्तर पर पुस्तक मेले का आयोजन किस प्रकार से आयोजन किया जायेगा। बैठक में उपस्थित संचालक/ प्राचार्यो से सुझाओ लिये गये सुझाओं में यह बात समने आई की वर्तमान में सीबीएसई, आईसीएससी एवं एमपी बोर्ड की परीक्षाये संचालित है एवं नया सत्र 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होना है ऐसी स्थिति में पुस्तक मेले का आयोजन मार्च माह में आयोजित किया जाना निर्णय लिया गया।

उक्त बैठक में स्कूल संचालक विनोद तिवारी ने अपने विचार रखते हुऐ कहा की पालको को सुगमता से एवं पारदर्शिता के साथ पुस्तक कापी उपलब्ध हो सके हम इस पुस्तक मेला में हम सभी संचालक मिलकर पूरा सहयोग करेंगे। स्कूल संचालिका मंजू साव ने कहा की पुस्तक मेले का अयोजन मार्च माह के द्वितीय सप्ताह में आयोजित हो सके तो बच्चों एवं पालको को सीधा लाभ मिलेगा।

जे.एस. डबली, अखिलेश चौहान ने पुस्तक मेले से संबधित महत्वपूर्ण सुझाव दिये। जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल द्वारा समस्त अशासकीय संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया की आपार आई.डी. एमपी टॉस छात्रवृत्ति में शेष रहे छात्रों का पंजीयन यथा शिघ्र पूर्ण करें एवं शासन द्वारा अशासकीय संस्थाओं का संचालन हेतु अधिनियम एवं नियम 2017 एवं 2020 के अनुसार विद्यालय का संचालन करना सुनिश्चित करें।

# आजीविका मिशन से आत्मनिर्भरता तक मटोला यदुवंशी का संघर्ष

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के विकासखंड तामिया के ग्राम मुत्तौर की मटोला यदुवंशी की कहानी उन महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखती हैं। एक समय था जब मटोला दीदी और उनके पति नन्हें यदुवंशी दिन-रात मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। कई बार ऐसा हुआ कि दो वक्त की रोटी भी मुश्किल से नसीब होती थी। लेकिन मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने उनकी जिंदगी बदल दी। इस मिशन के सहयोग से मटोला दीदी ने न सिर्फ अपने परिवार को गरीबी से बाहर निकाला, बल्कि अपने गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गईं। संघर्ष से आत्मनिर्भरता की ओर हर मुश्किल राह आसान हो जाती है, जब मेहनत के कदम बढ़ जाते हैं। जो थककर बैठ जाए सफर में, वो मंजिल तक क्या पहुंच पाते हैं।

विकासखंड जुन्नारदेव के ग्राम उमराड़ी के गरीब परिवार में जन्मी मटोला दीदी को शिक्षा का अवसर नहीं मिला। शादी के बाद भी उनकी



आर्थिक स्थिति में कोई सुधार नहीं आया, बल्कि संघर्ष और बढ़ गया। मजदूरी के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था। लेकिन उनकी किस्मत का नया अध्याय तब शुरू हुआ जब उन्होंने 2018 में पार्वती आजीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ने का फैसला किया।

आजीविका मिशन के मार्गदर्शन और समूह की मदद से उन्होंने दूध उत्पादन का कार्य शुरू किया। शुरुआत में मुश्किलें आईं लेकिन समूह के सहयोग से उन्होंने 60,000/- रुपये का ऋण लेकर दो भैंस खरीदीं। दूध बेचने से उनकी मासिक आय धीरे-धीरे बढ़ने लगी। पहले जहां वे महज 5000 रुपये मासिक कमाती थीं, अब यह बढ़कर 30,000/- रुपये हो गई।

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने मटोला जैसी हजारों महिलाओं को न सिर्फ आर्थिक रूप से मजबूत किया, बल्कि उन्हें समाज में एक नई पहचान भी दिलाई। पहले जो महिला मजदूरी करके दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रही थी, आज वह स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष बनकर दूसरी महिलाओं को सशक्त बना रही है। आज मटोला दीदी सिर्फ अपने परिवार के लिए नहीं, बल्कि पूरे गांव के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन गई हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि अगर सही मार्गदर्शन और सहयोग मिले तो कोई भी महिला अपनी तकदीर खुद लिख सकती है।

# ग्रामीण विकास की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित



## कलेक्टर ने ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) व मनरेगा की समीक्षा की दिए निर्देश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कल 27 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सांसद / विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अधिकारियों को ग्रामीण विकास के कार्यों में गति लाने की सख्त हिदायत दी है।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, जिला योजना अधिकारी यशवंत वैद्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवाओं के कार्यपालन यंत्री, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, जिला पंचायत की विभिन्न शाखाओं के परियोजना अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मिशन के तहत गठित समूहों द्वारा संचालित गतिविधियों को शत.प्रतिशत पूरा किया जाए। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के लिए मजबूत बाजार उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया।

इसके अलावा पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के बावजूद एचएच प्रोफाइल एन्ट्री में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त न होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने तामिया, जामई, हर्रई और चौरई ब्लॉक के ब्लॉक कार्डिनेटर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही आर एफ डिस्ट्रिब्यूकसन रिपोर्ट में गलत जानकारी देने पर जिला प्रबंधक, एनआरएलएम छिंदवाड़ा के 15 दिन के वेतन में कटौती के निर्देश भी दिए।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील्स सेवा की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने इस योजना के तहत किए जा रहे कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए हैं।।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जारी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जनपद पंचायतों को निर्देश दिए है कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराएं और हर सप्ताह इसकी समीक्षा की जाए।

साथ ही ऐसी ग्राम पंचायतें जहां 10 से अधिक प्रधानमंत्री आवास निर्माणाधीन हैं, वहां सामूहिक रूप से रेत, सीमेंट, गिट्टी, लोहा जैसी सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि हितग्राहियों को सस्ती दरों पर निर्माण सामग्री मिल सके।

मनरेगा योजना के तहत कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जनपद पंचायतें अपने लेबर बजट लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्टर रोल जारी करें। मनरेगा के तहत नाडेप टैंक, सोकपिट एवं अन्य हितग्राही मूलक कार्यों को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए जिससे ग्रामीणों को सालभर रोजगार मिल सके।

बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0, वॉटरशेड विकास घटक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और 15 वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यों को तेजी से पूरा करें और हर स्तर पर नियमित निगरानी सुनिश्चित करें इस बात का ध्यान भी रखें की कार्य गुणवत्तापूर्ण हो।

# फोटोयुक्त मतदाता सूची के कार्य में पारदर्शिता के लिए जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले में नगरीय निकाय चुनाव के तहत रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) शीलेन्द्र सिंह ने मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अंतर्गत नगरीय निकायों के लिये फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का आदेश जारी किया है। इस पुनरीक्षण के अंतर्गत 01 जनवरी 2025 की संदर्भ तिथि को आधार मानकर रिक्त पदों वाली नगरीय निकाय (नगर परिषद न्यूटन चिखली) के लिये मतदाता सूची तैयार की जाना प्रस्तावित है। इस कार्य में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के लिये जिला स्तर पर जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी का गठन किया गया है, जिसके अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन को अध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक, सी.ई.ओ. जिला पंचायत, अतिरिक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन, एस.डी.एम. परासिया, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार परासिया, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण छिंदवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद न्यूटन चिखली, जिला जनसंपर्क अधिकारी, सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के सदस्य, अध्यक्ष नगर परिषद न्यूटन चिखली आदि को सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया है।

गठित जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार 28 फरवरी 2025 को दोपहर 03 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है, जिसमें संबंधितों की उपस्थिति अनिवार्य है ।

## सार-समाचार

### प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर को सौंपा कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का प्रभार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर छिंदवाड़ा सुश्री राजनंदिनी सिंग ठाकुर को प्रशिक्षण के साथ ही आवंटित किये गये कार्य के अतिरिक्त जिला कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से सौंपा गया है। जिसके अंतर्गत प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर सुश्री ठाकुर को प्रभारी अधिकारी जनसंपर्क कर्यालय, प्रभारी अधिकारी आवक-जावक, सत्यप्रतिलिपि, शपथ-पत्र सत्यापन कार्य, प्रभारी अधिकारी अल्पसंख्यक कल्याण, प्रभारी अधिकारी सामान्य अभिलेखागार शाखा, प्रभारी अधिकारी आडिट शाखा/राहत शाखा/जीएमएफसी, महालेखाकार के अंकेक्षण टीपो का निवर्तन, प्रभारी अधिकारी सूचना का अधिकार शाखा, कलेक्टर/अपर कलेक्टर की अनुपस्थिति/भ्रमण आदि के समय विभिन्न आंदोलनकारियों/संगठनों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन प्राप्त करना एवं कलेक्टर जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर अन्य कार्य सौंपे गए हैं।

### दो साल पहले हुए अंधे हत्याकांड का खुलासा, पांच गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जुन्नारदेव पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 फरवरी 2023 को मृतक सूरज पिता भारत मेश्राम उम्र 31 साल निवासी पठानपुरा तहसील जिला चन्द्रपुर (महाराष्ट्र) अपने दोस्त अनुप उर्फ गोलू कोरेवाल के साथ भूरा भगत महादेव मेला घूमने जुन्नारदेव तरफ ट्रेन से आया हुआ था। उसी दिन रात्रि करीब 07:30 से 08:00 बजे घटना स्थल सतघोघरी के पास ग्राम छावड़ा में भूराभगत महादेव जाने वाले रास्ते पर सूरज मेश्राम के साथ अज्ञात व्यक्तियों के साथ विवाद होने पर अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा हाथ मुक्को एवं पैरो से चेहरा एवं पेट में मारपीट कर घायल कर दिये थे एवं मृतक का घटना के पश्चात MI Note कम्पनी का मोबाईल फोन एवं नगदी रकम 4,000/- रूपये लेकर चले गये थे। घायल सूरज मेश्राम 19 फरवरी 2023 को वापस अपने घर चन्द्रपुर पहुंच कर मारपीट से आई हुयी चोटो का ईलाज कराने हेतु एम्स अस्पताल नागपुर में भर्ती हो गया जहां उसकी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई एवं पोस्टमार्टम में डॉक्टर के द्वारा मृतक सूरज मेश्राम की मृत्यु मारपीट से आई चोटो के कारण होना लेख किया गया जहां से मर्ग डायरी थाना जुन्नारदेव को प्राप्त होने पर थाना जुन्नारदेव में मर्ग क्रं. 24/2023 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच की गई। जांच के दौरान घटना के चश्मदीद साक्षी अनुप उर्फ गोलू कोरेवाल एवं मृतक के परिजनो के कथन लेखबद्ध किये गये जिनके द्वारा मृतक सूरज मेश्राम को सतघोघरी के पास 4-5 अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा हाथ मुक्को से मारपीट कर चोट पहुँचाकर घायल करना बताये। जाँच पर अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध थाना जुन्नारदेव में 15 अगस्त 23 को अप.क्र. 305/23 धारा 302 भा.दं.वि. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी की जाती रही परंतु आरोपियो के संबंध में कोई पता नही चलने पर पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के द्वारा अज्ञात आरोपियो की पता तलाश एवं गिरफ्तार करने हेतु 10,000/- रूपये के नगद इनाम की उद्घोषणा की गई। विवेचना के दौरान सायबर सेल की सहायता से मृतक के मोबाईल के चालू होने पर अज्ञात आरोपियो की तलाश पतासाजी करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक का मोबाईल चलाने वाले व्यक्ति महाराष्ट्र राज्य के अमरावती जिले के पारदीखेड़ा के रहने वाले पारदी गिरोह के सदस्य है जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम कई बार उनके क्षेत्र में गई परंतु आरोपीगण फरार हो जाते थे। सायबर सेल छिंदवाड़ा से दो दिन पूर्व जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त पारदी गिरोह के सदस्य इस बार भूरा भगत महादेव मेला घूमने आये हुये है, जिनके संबंध में पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह एवं एसडीओपी जुन्नारदेव सोनम पाटिल को अवगत कराया गया जिनके द्वारा आरोपियो की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित करने पर थाना प्रभारी जुन्नारदेव निरीक्षक राकेश बघेल के द्वारा तत्काल ही थाने से टीम गठित कर अज्ञात आरोपियो की तलाश पतासाजी हेतु महादेव मेला भूरा भगत तरफ रवाना किया गया जो टीम के द्वारा भूरा भगत मेला से मृतक का मोबाईल चलाने वाले संदेही व्यक्ति की तलाश पतासाजी पचमढ़ी तरफ की गई तो आरोपी शैलेश पवार पिता विलास पवार निवासी घारेफल थाना नेर जिला अमरावती महाराष्ट्र का पचमढ़ी तरफ भूरा भगत मेला में मिला जिससे घटना के संबंध में एवं उसके पास मिले मोबाईल के संबंध में पूछताछ की गई तो उसने अपने अन्य चार साथियो सुभाष पवार, उमेश पवार, सुलेचना पवार, प्रिया पवार के साथ दो वर्ष पूर्व वर्ष 2023 के माह फरवरी के महादेव मेला में घूमने आने पर सतघोघरी के पास महादेव मेला रोड में मृतक सूरज मेश्राम से विवाद होने पर उसकी अपने साथियो के साथ हाथ मुक्को एवं पैरो से मारपीट करना एवं उसके जेब मे रखे हुये रेडमी कंपनी का मोबाईल फोन एवं जेब में रखे 4,000 रूपये नगदी लेकर चले जाना बताया। पुलिस टीम के द्वारा उसके अन्य चार साथियो की पता तलाश महादेव मेला में की गई तो उसके अन्य चार साथी इटारसी से बैतूल तरफ जाने वाले मार्ग पर जिला अमरावती जाते हुये मिले जिन्हे अभिरक्षा में लेकर थाना में लाकर पूछताछ की गई । सभी आरोपियो के द्वारा मृतक सूरज मेश्राम के साथ मारपीट करना एवं उसका मोबाईल एवं नगदी रूपये ले जाना बताये जिन्हें जेल छिंदवाड़ा भेजा गया है ।

# आजीविका मिशन से जुड़कर आरती बनीं आत्मनिर्भर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा जिले के विकासखंड अमरवाड़ा की ग्राम पंचायत सकरबाड़ा की आरती डेहरिया की कहानी संघर्ष, आत्मनिर्भरता और सफलता की एक प्रेरणादायक मिसाल है। वर्ष 2019 में जब उन्होंने अपने जीवन को संवारने के लिए स्व-सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया तब उनकी मासिक आय महज 4000-5000 रुपये थी। परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए वे मजदूरी करती थीं, लेकिन उनका सपना इससे कहीं बड़ा था।

मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बने उन्नति स्व.सहायता समूह से जुड़ने के बाद आरती दीदी ने आर्थिक मजबूती की ओर कदम बढ़ाया। समूह से उन्होंने पहली बार 12,000 रुपये का ऋण लिया और घर पर ही छोटी सी किराना दुकान शुरू की। उनकी मेहनत रंग लाई और आय में वृद्धि हुई। इस सफलता ने उन्हें और बड़े सपने देखने की प्रेरणा दी। उन्होंने ग्राम संगठन और बैंक से ऋण लेकर वर्ष 2020 में अपने व्यवसाय को बढ़ाया और गल्ला व्यवसाय भी शुरू किया। आर्थिक मजबूती की ओर कदम. अब तक आरती दीदी ने दो बार छोटे ऋण और दो बार बड़े ऋण लिए हैं। कुल 1,22,000 रूपये के ऋण में से 75,000 रूपये का भुगतान कर चुकी हैं और शेष राशि भी समयानुसार चुका रही हैं।

उनके व्यवसाय से अब उन्हें हर महीने लगभग 15,000 से 20000 रुपये तक की शुद्ध आय प्राप्त हो रही है, जिससे उनका परिवार आत्मनिर्भर बन गया है। सामाजिक बदलाव की अग्रदूत आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुईए बल्कि सामाजिक स्तर पर भी उन्होंने बदलाव लाने का संकल्प लिया।

उन्होंने गाँव में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों के महत्व को समझाने का कार्य किया और किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रयासरत है। उनकी प्रेरणा से गाँव की अन्य महिलाएँ भी आगे बढ़ रही हैं और अपने परिवारों को गरीबी के चक्र से बाहर निकालने का प्रयास कर रही हैं।

# ग्राम सारना में कमलनाथ की विकास निधि होने वाले कार्य का भूमिपूजन




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के अथक प्रयासों से जिले का विकास निरंतर जारी है, जो आगे भी जारी रहेगा। नगर में आंतरिक सड़कों के निर्माण से लेकर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था एवं नगर के सौंदर्यीकरण के लिए पार्क व सेल्फी पाइंट का निर्माण। रिंग रोड के निर्माण की बात हो या फिर ओवर व अंडर ब्रिज का निर्माण। इतिहास गवाह है कि जिले व नगर के विकास के लिए माननीय कमलनाथ जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया और उन्हें के नक्शे कदमों पर चलते हुए माननीय नकुलनाथ जी भी विकास को गति दे रहे हैं।

नकुलनाथ ने आज नगर पालिक निगम क्षेत्र के दो वार्डों के साथ ही निगम ग्रामीण क्षेत्र की जनता को अनेकों विकास कार्यों की सौगात दी। कांग्रेस के पश्चिम उप ब्लॉकए पूर्व उप ब्लॉक एवं नगर निगम ग्रामीण के भाग एक के ग्राम सारना में छिन्दवाड़ा विधायक कमलनाथ की विकास निधि से निर्मित होने वाले कार्यों का भूमिपूजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए नकुलनाथ ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि कमलनाथ और मैंने जिले का विकास कभी थमने नहीं दिया। केन्द्र व राज्य में किसी भी राजनीतिक दल की सरकार रही हो इससे कोई फर्क नहीं पहुंचता, क्योंकि आज भी हम उसी गति से विकास कर रहे हैं युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहे और आगे भी यह कार्य निरंतर जारी रहेंगे। नगर व जिले की जनता के प्यार, विश्वास व सहयोग से यह सबकुछ सम्भव हो रहा है और यह विकास की रफ्तार आगे भी नहीं रूकेगी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर नगर निगम की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा में आज महापौर विक्रम अहके के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त सी.पी. राय ने की जिसमें सहायक आयुक्त मीना कोरी, ईश्वर सिंह चंदेली सहित अन्य अधिकारियों और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिनमें सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, शौचालयों की स्थिति, नागरिक सहभागिता, सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों और नवाचारों को शामिल किया गया।


निगमायुक्त सी.पी. राय ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वच्छता कार्यों में तेजी लाई जाए और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। सहायक आयुक्त मीना कोरी एवं ईश्वर सिंह चंदेली ने नगर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाने, जनजागरूकता बढ़ाने और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शहरवासियों को स्वच्छता से जोड़ने के लिए नए कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे और स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप नगर निगम की रैंकिंग सुधारने के प्रयास किए जाएंगे।

# 80 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया पूर्व सांसद नकुलनाथ ने

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व नकुलनाथ ने विधायक निधि से निर्मित होने वाले कार्यों का भूमिपूजन कर विकास की सौगात दी। उप ब्लॉक पश्चिम के वार्ड क्रमांक 40 राजनगर, पूर्व उप ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 13 जगन्नाथ स्कूल के समीप व नगर निगम ग्रामीण भाग एक के ग्राम सारना में विधायक निधि से निर्मित होने वाले कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर नकुलनाथ ने 80 लाख रुपयों की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किए। इस दौरान श्री नाथ ने कहा कि शहर को पांच भागों में इसीलिय बांटा ताकि वार्डवासी स्थानीय स्तर पर ही कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों से समस्या बता सकें और उसका निराकरण करा सकें।

विदित हो कि पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आऐं हुए है और वे विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर रहे है। इसी क्रम में कल 27 फरवरी को वार्ड क्रमांक 40 में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।

# इमलीखेड़ा में बजाज सर्विस टेक्निकल एक्सीलेंस प्रोग्राम का शुभारंभ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले को तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा का हब बनाने वाले म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने जिले के युवाओं को एक बार फिर बड़ी सौगात दी है। प्रदेश व देश में सर्वाधिक स्किल सेन्टरों के नाम से पहचाने जाने वाले छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले को नेताद्वय ने एक और नवीनतम स्किल सेन्टर प्रदान किया है। इस सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा रोजगार व स्वरोजगार से जुड़ेंगे।

कमलनाथ एवं नकुलनाथ ने ईमलीखेड़ा स्थित सीआईआई प्रशिक्षण केन्द्र में बजाज सर्विस टेक्निकल एक्सीलेंस प्रोग्राम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नकुलनाथ ने कहा कि छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र भारतवर्ष में एक ऐसा संसदीय क्षेत्र है जहां सर्वाधिक स्किल सेंटर है। शुरुआत से ही कमलनाथ व मेरी प्राथमिकता में युवा रहा है, उन्हें तकनीकी व उच्च शिक्षा दिलाकर रोजगार से जोड़ने का क्रम निरंतर जारी है। आज देश में सबसे बड़ी चुनौती रोजगार की है, जिस पर वर्तमान भाजपा सरकार का कोई ध्यान नहीं है किन्तु हमारा प्रयास है कि जिले के युवाओं को निरंतर रोजगार के अवसर उपलब्ध होते रहे, इसी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बजाज सर्विस टेक्निकल एक्सीलेंस प्रोग्राम है।

नकुलनाथ ने अपने उदबोधन में आगे कहा कि इसी क्रम में तकनीकी शिक्षा में एक और कड़ी जुड़ चुकी है। तीन पहिया वाहन के प्रशिक्षण की मांग यहाँ रखी गई, उम्मीद है कि बजाज इसे भी जल्द पूरा कर युवाओं के लिए प्रशिक्षण व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे।

## संघर्ष भरा है स्किल सेन्टर खोलने का इतिहास

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्किल सेन्टर खुलने का इतिहास संघर्ष भरा है। कई चुनौतियां सामने आई, किन्तु मेरा सपना था कि छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र की एक पहचान स्किल सेन्टरों से भी हो, मेरा सपना साकार हो चुका है। कमलनाथ ने अपने उदबोधन में आगे कहा कि राहुल बजाज के स्किल सेंटर के शुभारंभ में शामिल होकर खुशी हुई।

मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ। सीआईआई का इतिहास बड़ा पुराना है। मैं जब वाणिज्य मंत्री था तब सीआईआई खोला गया। अपैरल ट्रेनिंग सेन्टर, जेसीबी, अम्बुजा ट्रेनिंग सेंटर, अशोक लिलैण्ड ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च सेन्टर से लेकर तमाम



स्किल सेन्टरों की स्थापना के लिए मैंने व्यक्तिगत प्रयास किए।

कुछ लोगों ने तो छिन्दवाड़ा में सेंटर खोलने से इनकार कर दिया था, किन्तु निरंतर सम्पर्क करने पर उन्होंने भी अंततः स्किल सेंटर खोले, मैंने सभी के पीछे लगकर इन स्किल सेंटरों को खुलवाया है। आगे भी इनके संचालन में मेरा पूरा सहयोग रहेगा।

## पंद्रह हजार से अधिक युवा स्वरोजगार व रोजगार से जुड़ चुके

आयोजित कार्यक्रम में सीआईआई संस्थान के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि विगत 10 वर्षों में 15 हजार से अधिक युवा सीआईआई से प्रशिक्षण प्राप्तकर्ता युवा रोजगार व स्वरोजगार से जुड़ चुके हैं।

आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कुछ युवाओं ने अपनी सफलता की कहानी सुनाते हुए बताया कि वे मध्यम परिवार से होने के कारण बड़े रोजगार व व्यापार नहीं कर सकते थे, किन्तु कमलनाथ एवं नकुलनाथ के प्रयासों से सीआईआई में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत वे रोजगार से जड़े और जिन्होंने स्वयं का रोजगार स्थापित किया वे अन्य युवाओं को भी रोजगार दे रहे हैं।